<u>उत्तर पश्चिम रेलवे</u>

रेलवे भर्ती कक्ष,
पावर हाउस रोड,
जयपुर।

सं.740ई/आरआरसी/जीडीसीई/अधिसूचना/2023 दिनांक 11.12.2023

<u>महत्वपूर्ण सूचना</u>

विषयः—GDCE कोटे की अधिसूचना संख्या 04/2023 के तहत ग्रुप 'सी' के विभिन्न पदों की रिक्तियों को भरने के लिए Online परीक्षा के आयोजन के कम में।

उपरोक्त विषयान्तर्गत लेख है कि सामान्य विभागीय प्रतियोगिता परीक्षा कोटे की अधिसूचित रिक्तियों सहायक लोको पायलट, टेक्निशियन, जुनियर इंन्जिनियर एवं ट्रेन मेनेजर के पद हेतु ऑन लाईन परीक्षा/Computer Based Test(CBT) का आयोजन ई—कॉल लेटर में दर्शाये गये सेन्टर, पारी एवं समय पर निम्नानुसार किया जाएगा।

Date of CBT	**1st shift**	**2nd shift**
15.12.2023	ALP+ Technician (ITI Trade)	Train Manager
19.12.2023	Technician (10+2) with Physics with Maths	Train Manager
23.12.2023	Junior Engineer	Train Manager

उक्त पदों के लिए आयोजित होने वाली ऑनलाईन परीक्षा के लिए ई—कॉल लेटर आरआरसी, जयपुर की वेबसाईट https://rrcgdce2023.cbtexam.in पर अपलोड कर दिये जायेगें। ई—कॉल लेटर डाउनलोड करने के लिए **Login ID आई पास नम्बर एवं पासवर्ड के लिए जन्मतिथि (YYYYMMDD)** का प्रयोग करना होगा साथ ही अभ्यर्थी ई—कॉल लेटर के साथ दिये गये City Intimation Slip cum Relieving Letter and Admit Card का भी प्रिंट लें, उन्हें ध्यानपूर्वक पढें और उनका पालन करें। **सभी अभ्यार्थियों द्वारा Relieving Letter को अपने कन्ट्रोलिंग ऑफिसर/सुपरवाइजर से सत्यापित कराना अनिवार्य है।**

सामान्य विभागीय प्रतियोगिता परीक्षा अधिसूचना 04/2023 में उल्लेखित पदों के लिए आयोजित होने वाली ऑनलाईन परीक्षा के लिए किसी भी परिस्थिति में कोई पूरक परीक्षा का आयोजन नहीं किया जाएगा। अतः पात्र अभ्यार्थियों को परीक्षा तिथि एवं समय पर परीक्षा हेतु उपस्थित होना है। अभ्यर्थियों को साथ ही यह भी सूचित किया जाता हैं कि परीक्षा देने से पूर्व जिस पद के लिए परीक्षा दे रहें है उन पद की न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता रखते है यह वे स्वंय भी सुनिश्चित कर लेवें अन्यथा किसी भी चरण में अभ्यर्थी की पात्रता अधिसूचना में दिये गए निर्देशानुसार कार्यवाही करते हुए निरस्त कर दी जाएगी।

उक्त परीक्षा में सम्मिलित होने वाले कर्मचारियों को पास जारी किये जाएं एवं परीक्षा के लिए उनकी मुख्यालय से अनुपस्थिति को **"on Duty" treat** किया जाएं।

उक्त के बारे में आपके मंडल/यूनिट पर कार्यरत सभी अभ्यर्थियों को अवगत करावें जिन्होंने इस अधिसूचना के सन्दर्भ में ऑनलाईन आवेदन किया है।

नोटः—ई—बुलावा पत्र अस्थायी है, यह ई—बुलावा पत्र सिर्फ सीबीटी ऑनलाईन परीक्षा में उपस्थिति हेतु है। इस ई—बुलावा पत्र को जारी करना किसी भी प्रकार से रेलवे भर्ती कक्ष, जयपुर द्वारा उम्मीदवार से सम्बन्धित ऑनलाईन आवेदन पत्र एवं अन्य दी गई सूचना व दस्तावेजों को सही मानने का द्योतक नहीं है, केवल ई—बुलावा पत्र के जारी करने का तात्पर्य यह नहीं है कि वह पद के लिए पात्र है। उसकी उम्मीदवारी संपूर्णतः अस्थायी है तथा तत्पश्चात् भर्ती के किसी भी चरण में यह उम्मीदवारी निरस्त की जा सकती है।

कृते अध्यक्ष/रेलवे भर्ती कक्ष